CMYK

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....
DIGITAL - EPAPER
RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 91 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 17 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# चित्तौड़गढ़ में भीषण सड़क हादसा, कंटेनर की चपेट में आने से दो युवकों की मौत






**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।**

भदेसर थाना क्षेत्र के बानसेन हाईवे पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई। तेज रफ्तार कंटेनर अनियंत्रित होकर बाइक सवारों पर पलट गया, जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों ओर लंबा जाम लग गया।

जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान कपिल मेनारिया (30) पुत्र मोहन मेनारिया निवासी नगर पालिका कॉलोनी चित्तौड़गढ़ और अक्षित सोनी (24) पुत्र गोपाल सोनी निवासी सोनी मोहल्ला चित्तौड़गढ़ के


कपिल मेनारिया

रूप में हुई है। दोनों युवक फाइनेंस ऑफिस के कर्मचारी थे और भादसोड़ा क्षेत्र से रिकवरी कर लौट रहे थे। बानसेन ब्रिज पर कंटेनर ने बाइक को ओवरटेक करते समय


अक्षित सोनी

हल्की टक्कर मार दी, जिससे चालक का संतुलन बिगड़ गया और कंटेनर का पिछला हिस्सा बाइक पर पलट गया। हादसे की खबर मिलते ही थानाधिकारी धर्मराज मीणा पुलिस टीम और हाईवे स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन और ग्रामीणों की मदद से दो क्रेन बुलाकर करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद कंटेनर के नीचे दबे शवों को बाहर निकाला गया। उन्हें जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

घटना के बाद हाईवे पर यातायात अवरुद्ध हो गया। हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर यातायात को डाइवर्ट किया और कंटेनर को किनारे कर मार्ग फिर से चालू कराया। राहत कार्य में बानसेन के कई ग्रामीणों सहयोग दिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है ।

# बिजौलिया में बंदूक की नोक पर हुई चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**डेढ़ साल से फरार और जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों में शामिल था आरोपी**



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

थाना पुलिस ने कस्बे में बीते वर्ष बंदूक की नोक पर हुई चोरी के मामले में फरार चल रहे वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी करीब डेढ़ साल से पुलिस की पकड़ से दूर था और जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों में शामिल था।

थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी श्यामलाल बाछड़ा मध्यप्रदेश के नीमच जिले के जेतपुरा गांव का रहने वाला है। आरोपी कस्बे में बीते वर्ष 17 जुलाई को हुई लूट की घटना में वांछित था। उस रात अज्ञात बदमाशों ने मकान में घुसकर परिवार को बंदूक दिखाकर धमकाया और करीब 10 तोला सोने के आभूषण, लगभग एक किलो चांदी, 60 हजार रुपये नकद और दो मोबाइल चोरी कर लिए थे। इस मामले में पहले सात आरोपियों को



गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका था।

पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश में लगातार दबिशें दीं। बढ़ते दबाव के बाद आरोपी ने हाल ही में न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। मंगलवार को मांडलगढ़ उपकारागृह से प्रोडक्शन वारंट पर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि श्यामलाल से गहन पूछताछ जारी है ।


# रेलवे ट्रैक पर युवक की संदिग्ध मौत, पत्नी-सास व पुलिसकर्मियों पर आरोप

**भीलवाड़ा के प्रतापनगर में शव मिलने से फैली सनसनी, परिजनों का धरना, एसपी ने जांच के आदेश दिए**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की मौत के हालात संदिग्ध पाए गए, जबकि सामने आई एक ऑडियो रिकॉर्डिंग में उसने पत्नी, सास और दो पुलिसकर्मियों को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया। मामले में हत्या या आत्महत्या की स्थिति स्पष्ट करने के लिए एसपी धर्मेंद्र सिंह ने गहन जांच के निर्देश दिए और दोनों पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया।

मृतक की पहचान सांवरलाल (37) पुत्र जगदीश सुखवाल, निवासी पालड़ी (आसींद) हाल गायत्री नगर, प्रतापनगर के रूप में हुई। सांवरलाल का शव बाइस्कोप के पास रेलवे ट्रैक पर मिला, जहां ट्रेन की चपेट में आने से उसका सिर क्षत-विक्षत और पैर कटे हुए



थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

इसी बीच सोशल मीडिया पर सांवरलाल की एक ऑडियो क्लिप वायरल हुई, जिसमें उसने अपनी पत्नी डिंपल शर्मा, सास और थाने के दो पुलिसकर्मी रमेश व अविनाश पर प्रताड़ना और मौत के लिए जिम्मेदारी का आरोप लगाया। रिकॉर्डिंग सामने आने के बाद मंगलवार सुबह परिजन और बड़ी संख्या में लोग अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर जुट गए और धरना देकर दोषियों पर कार्रवाई व आर्थिक सहायता की मांग की।

सूचना पर आसींद विधायक जब्बरसिंह सांखला, एडिशनल एसपी पारस जैन, डीएसपी सिटी मनीष बड़गूजर और प्रतापनगर सीआई सुरजीत कुमार सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। मृतक के भाई दिलखुश शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें पत्नी, सास और दोनों पुलिसकर्मियों पर साजिशन प्रताड़ना और मौत के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया गया। अधिकारियों की समझाइश और आर्थिक मदद के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ । इधर, दो सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं, जिसमें सोमवार रात 10.14 बजे सांवर अकेला ही गायत्रीनगर स्थित घर से बाहर निकलते हुए और दूसरे में 10.34 बजे फोन पर बात करते हुए जाते नजर आ रहा है। दोनों फुटेज में उसके साथ कोई नहीं है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा, रंधावा और जूली आज बेंगू में किसानों से करेंगे मुलाकात

**बिजोलिया के शक्करगढ़ चोराहे पर कार्यकर्ता करेंगे स्वागत**



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा बुधवार को बेंगू में आयोजित किसान जनसभा में किसानों से संवाद करेंगे। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के अनुसार डोटासरा सुबह 10.30 बजे बूंदी से रवाना होकर बिजौलिया होते हुए दोपहर 12.30 बजे बेंगू पहुंचेंगे। जनसभा में वे किसानों से संवाद के साथ केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा करेंगे। दोपहर 2.30 बजे वे बेंगू से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे और बिजौलिया, बूंदी, टोंक, निवाई व चाकसू होते हुए शाम 7.30 बजे तक जयपुर लौटेंगे।

जानकारी के अनुसार बेंगू यात्रा के दौरान कस्बे के शक्करगढ़ चौराहे पर विंध्यावली होटल के सामने डोटासरा, रंधावा और जूली का क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। डोटासरा के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है, मार्ग में कई स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम रखे गए हैं।

# पुलिस ने क्रेटा कार से 126 किलो से अधिक गांजा किया बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

थाना पुलिस ने जिला स्पेशल टीम डीएसटी और साइबर सेल की मदद से 126.500 किलो अवैध गांजा जब्त कर तस्करी में प्रयुक्त क्रेटा कार को कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार, 15 सितंबर को साइबर सेल और डीएसटी से मिली सूचना पर थाना अधिकारी महावीर प्रसाद मीणा के नेतृत्व में टीम ने मंशा गांव के पास एक संदिग्ध क्रेटा कार का पीछा किया। चालक कार को जंगल में छोड़कर फरार हो गया। तलाशी में वाहन से 126.500 किलो गांजा बरामद हुआ। कार और मादक पदार्थ को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। मामले की जांच शाहपुरा थानाधिकारी सुरेशचंद कर रहे है ।

कार्रवाई में कोटड़ी थाना, डीएसटी और साइबर सेल के अधिकारियों व जवानों की विशेष टीम शामिल रही।




'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# भाजपा का बयान : फसल मुआवजा आंदोलन कांग्रेस की सस्ती लोकप्रियता का हथकंडा

## प्रेस वार्ता कर सांसद और विधायकों ने कहा -कांग्रेस मुद्दों के बजाय नारेबाज़ी कर रही, किसानों को गुमराह करने की कोशिश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**पेसवानी।** जिले में फसल मुआवजे सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे जन आंदोलन पर भारतीय जनता पार्टी ने जोरदार प्रहार किया। सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद दामोदर अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, आसींद विधायक जब्बरसिंह सांखला, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, सहाड़ा विधायक लादूलाल पीतलिया, शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा और मांडल विधायक उदयलाल भडाना ने कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगाया कि यह आंदोलन केवल सस्ती लोकप्रियता पाने और जनता को गुमराह करने का हथकंडा है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस के पास जिले में कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा, इसलिए वह ऐसे झूठे आंदोलनों का सहारा ले रही है। हाल ही में संपन्न हुए राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के पास सदन में अपनी बात रखने का अवसर था, तब उन्होंने बहस और समाधान की बजाय हो-हल्ला, शोर-शराबा और नारेबाजी में समय बर्बाद किया। अब वही नेता किसानों और आमजन के हितैषी बनने की नौटंकी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार किसानों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं और समाज के हर वर्ग के प्रति संवेदनशील रही है। भाजपा शासन में जिले में विकास की गंगा बह रही है। सांसद कोष और विधायक कोष का उपयोग लगातार जनहित के कार्यों में किया जा रहा है। भाजपा के प्रति जनता का बढ़ता विश्वास कांग्रेस के नेताओं से सहन नहीं हो रहा, इसलिए वे ऐसे बेबुनियाद आंदोलनों का सहारा ले रहे हैं। नेताओं ने कांग्रेस द्वारा उठाए गए मुद्दों को तथ्यों के साथ खारिज किया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अतिवृष्टि से हुए फसल नुकसान के मुआवजे की प्रशासनिक स्वीकृति जारी हो चुकी है और राशि शीघ्र ही किसानों तक पहुंचेगी। इस वर्ष के फसल खराबे की गिरदावरी रिपोर्ट भी राज्य सरकार को भेजी जा चुकी है और भजनलाल सरकार इसे किसानों तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। सरपंचों के मामलों पर नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह प्रकरण न्यायालय में लंबित है, इसलिए इसमें किसी भी तरह का हस्तक्षेप संभव नहीं है। ग्राम पंचायतों के परिसीमन को भी जनहित में लिया गया निर्णय बताते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि बड़ी पंचायतों में योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए नई पंचायतों का गठन किया जा रहा है, जिसका दूरगामी लाभ मिलेगा। विद्यालयों में जर्जर भवनों को लेकर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मरम्मत और निर्माण के लिए बजट स्वीकृत किया है और डीएमएफटी फंड से भी बड़ी राशि जारी की गई है। भीलवाड़ा शहर में सीवरेज कार्य को लेकर उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार और जिला प्रशासन गंभीर हैं और किसी भी सूरत में आमजन को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस के नेता भूल गए हैं कि भीलवाड़ा की जनता जागरूक और समझदार है। वह ऐसे बचकाने हथकंडों और झूठी बयानबाजी से भ्रमित नहीं होगी। यही कारण है कि विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनावों में जिले की जनता ने कांग्रेस को नकारकर भाजपा पर भरोसा जताया है। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, अनिल सिंह जादौन, भूपेंद्र सिंह बिलिया और जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी भी मौजूद रहे।



### आज रक्तदान शिविर से करेगी सेवा पखवाड़े की शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा जिला संगठन बुधवार सुबह 11 बजे जिला कार्यालय पर रक्तदान शिविर के साथ सेवा पखवाड़े का शुभारंभ करेगा।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि आगामी 15 दिनों में स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम ,स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, वोकल फॉर लोकल, पुस्तक वितरण, सांसद खेल प्रतियोगिता तथा महापुरुषों की जयंती जैसे कार्यक्रम जिले से बूथ स्तर तक आयोजित होंगे।

# गुलाबपुरा में मेले में दुकान लगाने को लेकर विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट, पांच लोग घायल

भीलवाड़ा फोकस @ गुलाबपुरा

कस्बे में गुलाब बाबा की धूणी पर लगने वाले मेले में दुकान लगाने को लेकर सोमवार रात दो पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद हिंसक हो गया। दोनों ओर से जमकर लाठियां-सरिए चले, जिससे 17 वर्षीय नाबालिग समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नाबालिग को सिर में गंभीर चोट आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद कस्बे में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

पुलिस ने बताया की मीनाक्षी फैक्ट्री के पीछे रहने वाले डालचंद माली ने मामला दर्ज कराया है , जिसमे बताया है कि धूणी क्षेत्र के कुछ लोगों ने लकड़ी, सरियों और अन्य हथियारों से उन पर और उनके परिवार पर हमला किया। डालचंद का कहना है कि उनका परिवार पिछले 20 साल से मेले में मिठाई की दुकान लगाता आ रहा है, लेकिन इस बार दुकान लगाने पर रोक लगाने और अवैध वसूली के चलते झगड़ा हुआ।

डालचंद ने बताया कि बचने के लिए जब वे नदी किनारे छिपने गया तो आरोपियों ने उन्हें पकड़ लिया और एक किलोमीटर तक पीटते हुए मेले तक वापस लाए। यहां भी कई घंटे तक मारपीट की गई। हमले में घायल कमलेश को सिर में गंभीर चोट आई और उसका ऑपरेशन करना पड़ा।

गुलाबपुरा सीआई हनुमानसिंह ने बताया कि दूसरे पक्ष ने भी डालचंद माली और उनके परिजनों पर हमले का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सूरज ब्रह्मभट्ट आत्महत्या मामले में शिक्षा विभाग ने की कार्रवाई

## शिक्षक निलंबित, संविदा कर्मी की सेवाएं समाप्त

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



राणा जी का गुढ़ा निवासी सूरज ब्रह्मभट्ट की आत्महत्या के मामले में जिला शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए शिक्षक संजय जैन को निलंबित कर दिया और संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर पिंटू रेगर की सेवाएं समाप्त कर दी हैं।

गौरतलब है कि 14 अगस्त को सूरज ब्रह्मभट्ट ने मानसिक दबाव और धमकियों से परेशान होकर विषाक्त पदार्थ खाकर जीवन समाप्त कर लिया था। मरने से पहले उसने पत्नी को सुसाइड मैसेज भेजकर संजय जैन और पिंटू रेगर को अपनी आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया। सूरज ने बताया था कि वह लंबे समय तक मॉडर्न उच्च प्राथमिक विद्यालय, कास्या में कार्यरत था और बाद में स्वयं का स्कूल खोलने की प्रक्रिया में लगा हुआ था। जिसमे ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर पिंटू रेगर फाइल समय पर आगे नहीं बढ़ा रहा था और शिक्षक संजय जैन लगातार धमकियां दे रहा था।

घटना के बाद परिवार ने दोनों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया। जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) रामेश्वर लाल बाल्दी ने संजय जैन को निलंबित कर दिया। चित्तौड़गढ़ एक्स-सर्विसमैन वेलफेयर को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड ने पिंटू रेगर की संविदा सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दीं। थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा अनुसंधान अभी जारी है।

# कुरेला श्याम मंदिर चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा



थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ी का बाड़िया स्थित कुरेला श्याम मंदिर में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी डालूसिंह पुत्र धन्नासिंह (34) निवासी धापड़ा, थाना करेड़ा को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर लिया।

थाना अधिकारी पुरणमल मीणा ने बताया कि मंदिर में 12 सितंबर की रात अज्ञात चोरों ने गेट का ताला तोड़कर पूजा सामग्री, इलेक्ट्रिक पूजा मशीन, तीन पीतल के घंटे, तांबे का नागदेवता व दान पेटी चोरी कर ली थी। इसके अलावा ग्राम पंचायत थाणा की सोलर सेट, पानी की टंकी, उरियी की मंगरी और पानी की मोटर सहित तांबे की केबल भी चोरी हुई थी। घटना की रिपोर्ट पर टीम गठित की गई। टीम ने मोबाइल नंबरों की सीडीआर खंगालने के बाद आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। चोरी का सामान भी पुलिस ने आरोपी से बरामद किया है । पुलिस मामले कि जाँच में जुटी है ।

# सवाईपुर की हॉकी टीम फाइनल में, शिवपुर और गणपतिया खेड़ा को हराया



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की 17 वर्षीय छात्र हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 69वीं जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई। शिवपुर, करेड़ा में चल रही इस प्रतियोगिता के तीसरे दिन सवाईपुर ने क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल दोनों मुकाबले जीतकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर और शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार पोरवाल ने बताया कि क्वार्टर फाइनल में सवाईपुर ने मेजबान शिवपुर को 7-0 से पराजित किया। इसके बाद सेमीफाइनल में गणपतिया खेड़ा को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां अब सवाईपुर की भिड़ंत कबराडिया से होगी।

इधर, 19 वर्षीय छात्र वर्ग के मुकाबले में गणपतिया खेड़ा ने सवाईपुर को 3-0 से हराया। वहीं 17 वर्षीय छात्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में डाबला ने सवाईपुर को मात दी। ग्रामीण घनश्याम पुरोहित, शिव श्रोत्रिय और विष्णु जाट ने शिवपुर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

# जिला विकास की योजनाओं पर हुई दिशा बैठक, सड़क-पुल, स्वच्छता व शिक्षा सुधार पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर मंथन के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद दामोदर अग्रवाल ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक के आरंभ में पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालना रिपोर्ट पेश की गई। इसके बाद विभागवार एजेंडे पर चर्चा हुई।

सांसद अग्रवाल ने बरसात में क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलों की शीघ्र मरम्मत कराने तथा नई सड़कों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। हाई लेवल ब्रिज के लिए पुनः प्रस्ताव भेजने को भी कहा गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना समेत कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद ने निर्देश दिए कि अत्यधिक वर्षा से प्रभावित फसलों का गिरदावरी कार्य शीघ्र पूर्ण कर मुआवजे के प्रस्ताव तैयार किए जाएं।

कचरा संग्रहण और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर जनप्रतिनिधियों ने सुझाव रखे। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह पांच ग्राम पंचायतों को स्वच्छता मॉडल के रूप में विकसित किया जाए और छह माह में पूरे जिले की पंचायतों को साफ-सुथरा बनाया जाए।

बैठक में बिजली कनेक्शन, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार, ग्रामीण चिकित्सा सुविधाओं और विद्यालयों में जर्जर शौचालयों पर भी विचार हुआ। कलेक्टर ने स्कूल भवनों और शौचालयों के मरम्मत प्रस्ताव उच्च स्तर पर भेजने की जानकारी दी। ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास, रसद और अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति पर भी समीक्षा हुई।

बैठक शुरू होने से पहले सड़क हादसों और पानी में डूबने से जान गंवाने वाले जिले के फुलियाकला के मृतकों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



बैठक में सांसद दामोदर अग्रवाल के साथ जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, विधायक उदयलाल भडाणा, अशोक कोठारी, जब्बर सिंह, गोपाल खंडेलवाल, लादूलाल पीतलिया, गोपीचंद मीणा, लालाराम बैरवा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, एडीएम प्रतिभा देवठिया, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी सहित पंचायत समितियों के प्रधान और अधिकारी उपस्थित रहे।



**QUICK BITES**

## ओजोन संरक्षण दिवस पर निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



अंतर्राष्ट्रीय ओजोन संरक्षण दिवस पर जिला पर्यावरण समिति व राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से मंगलवार को स्विफ्ट कॉलेज, मॉडल स्कूल और एस-टेक इंटरनेशनल स्कूल में निबंध व पोस्टर प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यक्रम में मंडल अधिकारी कृतिका सोमावत, श्वेता दाधीच, स्विफ्ट कॉलेज डायरेक्टर ऋषि सामसुखा, प्रिंसिपल डॉ. अपर्णा सामसुखा और एस-टेक स्कूल की प्रिंसिपल कुसुम नुवाल मौजूद रहीं। निबंध प्रतियोगिता में प्रसिद्धि लोधा, सोनुप्रिया, योगिता सिंह, हर्षिता तिवारी, अन्वी जोशी और आस्था संगर विजेता रहे, जबकि एस-टेक स्कूल में रीना, प्रदीप और सिद्धार्थ को प्रथम तीन स्थान मिले। विजेताओं को प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से पुरस्कृत किया गया।

## जांगिड़ समाज आज धूमधाम से मनाएगा विश्वकर्मा दिवस , त्रिवेणी संगम से निकलेगी शोभायात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।

जांगिड़ समाज द्वारा बुधवार को विश्वकर्मा दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। सिंगोली श्याम कमेटी अध्यक्ष कन्हैयालाल जांगिड़ और त्रिवेणी कमेटी अध्यक्ष कैलाश जांगिड़ ने बताया कि उत्सव को लेकर सुबह 9 बजे त्रिवेणी संगम से विशाल वाहन रैली एवं शोभायात्रा निकलेगी।

रैली मांडलगढ़, बलदाखा, सराणा, मोटरों का खेड़ा होते हुए विश्वकर्मा मंदिर सिंगोली श्याम पहुंचेगी। जहाँ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना व आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## शालादर्पण अपडेट हेतु विद्यालयों के इन्फ्रास्ट्रक्चर का भौतिक सत्यापन

**वेरिफिकेशन टीम ने बाकरा पीएम श्री विद्यालय सहित कई स्कूलों का किया निरीक्षण**

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



शालादर्पण अपडेशन के तहत विद्यालयों के इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉड्यूल का भौतिक सत्यापन कार्य क्षेत्र में जारी है। सोमवार को वेरिफिकेशन अधिकारी शम्भू लाल वर्मा के नेतृत्व में टीम ने पीएम श्री विद्यालय बाकरा सहित आसपास के कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। टीम ने कक्षाओं, फर्नीचर, पेयजल, शौचालय, बिजली व्यवस्था और खेल सुविधाओं का शालादर्पण पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों से मिलान किया। जहां विसंगतियां मिलीं, वहां मौके पर ही अद्यतन कर ओटीपी से लॉक व सत्यापन प्रक्रिया पूरी की गई। वर्मा ने कहा कि विद्यालयों में उपलब्ध वास्तविक सुविधाएं पोर्टल पर सही तरह से अपडेट होना जरूरी है, ताकि योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों तक सटीक रूप से पहुंच सके। निदेशक के निर्देशानुसार यह कार्य 8 से 20 सितम्बर 2025 तक सभी विद्यालयों में संपन्न होगा। निरीक्षण के दौरान शिक्षक रामकुवार मीना, विनोद मीना, अजय कुमार मीना, ललित नारायण वर्मा, पूनमचंद रैगर, दीपिका जैन और शीला वर्मा उपस्थित रहे।


भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com

वेब: www.bhilwarafocus.com


# भाजपा बिजौलिया मंडल की कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा व संगठनात्मक विषयों पर मंथन

**ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री गुर्जर ने कार्यकर्ताओं से सेवा प्रकल्पों में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया**

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया




भारतीय जनता पार्टी बिजौलिया मंडल की ओर से मंगलवार को मंडल कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान, शक्ति केंद्र संचालन और बूथ प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यशाला का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती के साथ आगामी कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री नंदलाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वदेशी वस्तुओं के प्रोत्साहन और सांसद खेल महोत्सव जैसे अनेक सेवा प्रकल्प आयोजित होंगे। उन्होंने इन आयोजनों में कार्यकर्ताओं से उत्साहपूर्वक सहयोग का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र बंजारा, सेवा पखवाड़ा संयोजक उदयलाल कोली, पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र सिंह राजोरा, आत्मनिर्भर भारत अभियान संयोजक विट्ठल तिवारी सहित अन्य वक्ताओं ने भी कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए।

कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा सह-संयोजक धर्मराज खटीक, आत्मनिर्भर भारत सह-संयोजक गोविंद कुमार लड्डा, मंडल उपाध्यक्ष शांतिलाल जोशी, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील कुमार जोशी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार चंद्रवाल, आईटी संयोजक उमाशंकर वैष्णव, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इमरान हुसैन सहित वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री से वैष्णव बैरागी समाज के प्रतिनिधिमंडल की शिष्टाचार भेंट

**समाज के रीति-रिवाज व आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा**

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** जयपुर स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से वैष्णव बैरागी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने समाज के विभिन्न वर्गों के समग्र विकास के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की।

भीलवाड़ा से पहलवान सोहन वैष्णव, अंजली देवी वैष्णव और डॉ. राजा साध वैष्णव ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। समाजजनों ने मुख्यमंत्री के समक्ष रीति-रिवाज, संस्कार और परंपराओं से जुड़े हितकारी कदमों की अपेक्षा व्यक्त की।

बैठक में पुजारियों के नाम पर भूमि के पुनः नियमन, तथा सेंट्रल गाइडलाइन में स्वामी बैरागी साधु के साथ वैष्णव समाज को भी आरक्षण सूची में शामिल करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इन विषयों पर विभागीय स्तर पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।



## सेवा पखवाड़ा कार्यशाला, प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर होंगे विविध आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**जसवंत पारीक ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने के तहत भारतीय जनता पार्टी नंदराय मंडल की ओर से मंगलवार को ककरोलिया घाटी ग्रिड स्थित बालाजी स्थल पर मंडल कार्यशाला आयोजित की गई। भाजपा मंडल महामंत्री दुष्यंत राजस्थला ने बताया कि सेवा पखवाड़े के दौरान विभिन्न जनसेवा व सामाजिक कार्यक्रम होंगे। कार्यशाला में मुख्य वक्ता एडवोकेट प्रभुलाल जाट, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश पाराशर, कोटड़ी उप प्रधान कैलाश सुथार और कमलकांत पोरवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अभियान की रूपरेखा समझाई।

कार्यक्रम में गोपाल सुवालका, पंचायत प्रतिनिधि विकास पाराशर, शंभू सिंह, राजू शर्मा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## कन्या महाविद्यालय में छात्रवृत्ति व स्वास्थ्य पर हुआ प्रसार व्याख्यान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की ओर से मंगलवार को छात्रवृत्ति तथा पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर प्रसार व्याख्यान आयोजित हुआ। प्राचार्य प्रो. सावन कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में प्रो. अनिल सुराणा ने विभिन्न राजकीय व गैर राजकीय छात्रवृत्तियों की जानकारी दी।

जिला स्कूटी नोडल अधिकारी सुनीता भार्गव ने कालीबाई मेधावी छात्रा व देवनारायण स्कूटी योजनाओं की जानकारी साझा की। दूसरे सत्र में सुनीता शर्मा ने माहवारी संबंधी समस्याओं और घरेलू उपचारों पर चर्चा की। प्राचार्य ने छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति आवेदन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति सचान ने और धन्यवाद ज्ञापन नेहा शर्मा ने दिया। व्याख्यान में लगभग 120 छात्राएं व संकाय सदस्य उपस्थित रहे।



## जीवा का खेड़ा में प्राकृतिक खेती पर ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यशाला आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**जसवंत पारीक।** कस्बे के नजदीक स्थित जीवा का खेड़ा गांव में मंगलवार को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत एक दिवसीय ग्राम पंचायत स्तरीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित हुई। कृषि पर्यवेक्षक सांवरिया सुथार ने बताया कि कार्यक्रम में सहायक निदेशक कृषि विस्तार कोटड़ी प्रकाश चंद्र खटीक, कृषि अधिकारी पप्पूलाल खटीक, कृषि अन्वेषक कन्हैयालाल कुमावत, सहायक कृषि अधिकारी पीयूष प्रकाश त्रिवेदी, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक मनोज कुमार मीणा, ब्रजमोहन रैगर और रहीश कुमार बलाई ने किसानों को प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी।



विशेषज्ञों ने जीवामृत, बीजामृत, ब्रह्मास्त्र, वर्मिकंपोस्ट जैसी जैविक तकनीकों के साथ सिंचाई पाइपलाइन, तारबंदी, कृषि यंत्र, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, फार्म पॉन्ड और मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी विभागीय योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# 21 को होगा भगवान अरिष्टनेमी-पार्श्वनाथ का महामंगलकारी अनुष्ठान, तैयारियां अंतिम चरण में

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर 21 सितम्बर को एक बड़े आध्यात्मिक आयोजन का साक्षी बनेगा। आरसी व्यास कॉलोनी स्थित गेट नंबर 33 के पास मैदान में भगवान श्री अरिष्टनेमी और श्री पार्श्वनाथ के महामंगलकारी अनुष्ठान का शुभारंभ सुबह 6:15 बजे होगा, जो 22 सितम्बर को सुबह 7:45 बजे तक चलेगा। आयोजन को लेकर चातुर्मास समिति और श्रावक समाज की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि यह अनुष्ठान जैन परंपरा के अनुसार होगा, जिसका उद्देश्य जीवन में आनंद, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। उन्होंने बताया कि राहु-केतु जैसे ग्रहों की




बाधाओं को दूर करने में यह साधना विशेष प्रभावी मानी जाती है। आयोजन समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं की बढ़ती मांग को देखते हुए पंजीयन की तिथि 17 सितम्बर तक बढ़ाई गई है। पंजीयन ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों माध्यमों से हो रहा है। सुभाषनगर स्थानक में सुबह 10:15 से 12:15 और दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक ऑफलाइन पंजीयन की व्यवस्था है। अब तक भीलवाड़ा सहित देशभर से दो हजार से अधिक लोग पंजीयन करा चुके हैं। कार्यक्रम में श्रद्धालु तीर्थंकर अरिष्टनेमी भगवान की 180 और पार्श्वनाथ भगवान की 100 माला फेरकर साधना करेंगे। अनुष्ठान का प्रथम कलश मध्यप्रदेश के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय स्थापित करेंगे। आयोजन में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, व्यवसायी और जैनेत्तर समाज के लोग भी शामिल होंगे।

चातुर्मास समिति ने श्रद्धालुओं के लिए अनुष्ठान सामग्री, भोजन, नवकारसी और आवास की व्यवस्था की है। कार्यक्रम में स्वरसाम्राज्ञी डॉ. महाप्रज्ञाजी म.सा. का सानिध्य भी मिलेगा। प्रेस वार्ता में समिति अध्यक्ष दौलतमल भड़कत्या, सचिव राजेन्द्र सुराना, हेमन्त कोठारी, बंशीलाल बोहरा, मदनलाल सिपानी, टीना बापना और राखी खमेसरा मौजूद रहे।

# डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए विशेष अभियान, घर-घर चल रहा सर्वे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों पर रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने शहर में एंटी लार्वा गतिविधियों को तेज कर दिया है। विभाग के अनुसार 20 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान में टीमों के साथ राजकीय व निजी नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी भी घर-घर जाकर लार्वा की पहचान, स्रोत नाशन और साफ-सफाई के महत्व को समझा रहे हैं। मोहल्लों और कॉलोनियों में प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा लार्वा नाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है, जबकि बुखार या सर्दी-जुकाम से पीड़ित लोगों की रक्त स्लाइड लेकर जांच कर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। अभियान के दौरान लोगों को बताया जा रहा है कि पानी की टंकियों, कूलरों, गमलों और अन्य बर्तनों को नियमित रूप से खाली कर सुखाना जरूरी है, ताकि मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोका जा सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि शहर में मौसमी बीमारियों के फैलाव को रोकने के



लिए अभियान शुरू किया गया है। वहीं, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल ने अपील की कि नागरिक हर रविवार सूखा दिवस मनाएं और घर के आसपास पानी जमा न होने दें। झरवाल ने कहा है की स्वच्छता ही डेंगू और मलेरिया से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है, इसलिए सभी को इसमें सक्रिय सहयोग देना चाहिए।

# महाराणा प्रताप और पृथ्वीराज चौहान की तुलना विदेशी आक्रांता से करने के बयान पर कड़ी आपत्ति

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**पेसवानी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा) ने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर की कुलगुरु द्वारा 12 सितम्बर 2025 को आयोजित भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषयक संगोष्ठी में दिए गए वक्तव्य पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है।

संगठन के महामंत्री प्रो. रिछपाल सिंह ने कहा कि भारत के महान योद्धाओं महाराणा प्रताप और पृथ्वीराज चौहान की तुलना विदेशी आक्रांता अकबर से करना और इतिहास के सबसे क्रूर शासक औरंगज़ेब को 'सबसे कुशल प्रशासक' बताना न केवल तथ्यहीन और असंगत है, बल्कि भारतीय संस्कृति का अपमान भी है। ऐसे वक्तव्य विद्यार्थियों को भ्रामक दिशा देने वाले हैं और संगोष्ठी की मूल भावना को आहत करते हैं।

अध्यक्ष प्रो. मनोज बहरवाल ने इसे अत्यंत गंभीर मामला बताते हुए कहा कि औरंगज़ेब जैसा शासक, जिसने मंदिरों को ध्वस्त किया, गुरु तेगबहादुर जी और छत्रपति संभाजी की हत्या की, हिंदुओं से जजिया कर वसूला और भारतीय ज्ञान परम्पराओं को कुचलने का प्रयास किया–उसे 'कुशल प्रशासक' कहना शिक्षा-जगत के लिए शर्मनाक है। यह औपनिवेशिक और वामपंथी इतिहासकारों द्वारा रचा गया विकृत विमर्श है, जिसे विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित मंच से दोहराया गया।

शैक्षिक महासंघ ने राज्य सरकार एवं महामहिम राज्यपाल महोदय से मांग की है कि कुलगुरु पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए और भविष्य में कोई भी उत्तरदायी पदाधिकारी इस प्रकार भारतीय संस्कृति के मानबिन्दुओं और महान विभूतियों को सभ्यता के खलनायकों के समकक्ष रखने का दुस्साहस न कर सके, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएँ।

# बेनीवाल को फिलहाल नहीं खाली करना होगा विधायक आवास, हाईकोर्ट ने संपदा अधिकारी की कार्रवाई पर लगाई रोक

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राजस्थान हाईकोर्ट ने सांसद हनुमान बेनीवाल को बड़ी राहत देते हुए विधायक आवास खाली कराने की प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने सोमवार को बेनीवाल की याचिका पर सुनवाई के बाद संपदा अधिकारी के यहां चल रही कार्यवाही पर स्टे देते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा है।

याचिका में सांसद बेनीवाल ने कहा कि उन्हें करीब दो वर्ष पहले विधानसभा के सामने फ्लैट A-3/703 आवंटित हुआ था। जून में सरकार ने संपदा अधिकारी के समक्ष आवेदन देकर आवास खाली कराने



की मांग की। इसके बाद 1 जुलाई को नोटिस जारी हुआ और 11 जुलाई को पहली सुनवाई हुई। बेनीवाल का आरोप है कि अधिकारी बिना पर्याप्त सुनवाई के जल्दबाजी में कार्रवाई कर रहे हैं और उनके आवेदनों पर मनमानी टिप्पणियां कर रहे हैं, जो निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान सरकार से यह भी पूछा कि ऐसे कितने सांसद और विधायक हैं, जो अब पद पर नहीं होते हुए भी सरकारी आवास का उपयोग कर रहे हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि समान परिस्थितियों में सभी के साथ एक जैसा व्यवहार होना चाहिए।

बेनीवाल की ओर से अधिवक्ता सुमित्रा चौधरी और प्रेमचंद शर्मा ने दलील दी कि सरकार केवल उनके खिलाफ ही कदम उठा रही है, जबकि अन्य कई लोग भी आवास खाली नहीं कर रहे। उन्होंने मांग की कि संपदा अधिकारी के नोटिस और उस पर आधारित कार्यवाही को निरस्त किया जाए। अदालत ने अगली सुनवाई से पहले सरकार से विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

## QUICK BITES

# विश्व ओज़ोन परत संरक्षण दिवस पर इंटेक का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




**मूलचंद पेसवानी।** इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज इंटेक भीलवाड़ा ने माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमे सैकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

मुख्य वक्ता पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने ओजोन परत को पृथ्वी का सुरक्षा कवच बताते हुए रेफ्रिजरेटर व एसी का सीमित उपयोग, अधिक पेड़ लगाने और छोटे-छोटे कदमों से पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

विद्यालय अध्यक्ष ओम नारायणीवाल, ट्रस्टी दिलीप तोषनीवाल, वाइस प्रिंसिपल रुचि रस्तोगी व अल्पा जैन ने छात्रों को ओजोन संरक्षण के लिए प्रेरित किया। प्रश्नोत्तरी में विजेताओं को प्रमाणपत्र दिए गए। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ।

# नाकाबंदी में 46 किलो डोडा-चूरा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद

थाना पुलिस ने मंगलवार दोपहर नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 46 किलो डोडा-चूरा के साथ एक एस-क्रॉस कार जब्त की। पुलिस ने इस मामले में अजमेर जिले के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम मंगलवार को थाने के सामने भीलवाड़ा-मांडलगढ़ मार्ग पर नाकाबंदी कर रही थी। इस दौरान मांडलगढ़ की ओर से आ रही एक एस-क्रॉस कार को पुलिस जाब्ते ने रोककर तलाशी ली। कार से 46 किलो डोडा-चूरा बरामद हुआ।

पुलिस ने मादक पदार्थ और कार को जब्त कर अजमेर जिले के अराई थाना क्षेत्र के सील गांव निवासी धनराज जाट को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जाँच शुरू की है । पुलिस मामले की जाँच में जुटी है

## डिस्कॉम कर्मियों ने 31 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ ने अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र कुमार संचेती को 31 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर श्रमिक समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। संघ ने आरोप लगाया कि दो वर्षों से कर्मचारियों की परेशानियों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

ज्ञापन में बिजली हादसों पर रोकथाम, लंबित 300 से अधिक दुर्घटना मामलों के निस्तारण, एचआरएमएस संचालन को डिस्कॉम स्तर पर करने, जर्जर ग्रिड भवनों के सुधार और एफआरटी वाहनों पर टोल फ्री नंबर लिखवाने जैसी मांगें शामिल रही । नवरतन सोनी की मौत के बाद दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर भी नाराजगी जताई गई।

महामंत्री नरेश कुमार जोशी ने चेतावनी दी कि 10 दिन में समस्याएं नहीं सुलझीं तो श्रमिक बड़ा आंदोलन करेंगे। ज्ञापन सौंपने में नरेश कुमार जोशी, जुम्मा काठात, बनवारी सुमन, चंद्र सिंह गौड़ सहित संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गेणोली में आज होगी चारभुजा नाथ की विशाल भजन संध्या

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

उपखंड क्षेत्र के गेणोली गांव में 17 सितंबर को चारभुजा नाथ के सान्निध्य में भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। कार्यक्रम से पहले शाम 6 बजे गांव के प्रमुख मार्गों से बैण्ड-बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो देवनारायण मंदिर चौक पर पहुंचेगी।

यहां रात्रि में विशाल भजन संध्या का शुभारंभ होगा, जिसमें कमलेश जांगिड़, मुकेश गुर्जर, मेना मीणा, चंदा प्रजापत, बीटू एंड पार्टी सहित कई कलाकार भजनों और नृत्य प्रस्तुतियों से भक्तों को भावविभोर करेंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।